### गया जी शहर के लक्ष्मी नारायण ट्रेडर्स और ग्लोबल मार्केटिंग में दूसरे दिन भी छापेमारी

# वाणिज्य कर विभाग की कार्रवाई में 1.90 करोड़ के सामान जब्त

**सख्ती**

- सबसे अधिक टेकारी रोड के सतगुरु ट्रेडर्स में 1.15 करोड़ का पान मसाला व सिगरेट जब्त
- इमामगंज में 20.50 लाख और औरंगाबाद में 44 लाख 12 रुपये का सामान जब्त
- राज्य वाणिज्य कर विभाग की अलग-अलग टीम ने गया से लेकर मोहनिया तक की कार्रवाई



शहर के सिविल लाइंस थाना स्थित एक मार्केट के ग्लोबल मार्केटिंग में दूसरे दिन रविवार को कार्रवाई करते राज्य वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी।

**गया जी, निज प्रतिनिधि।** राज्य वाणिज्य कर विभाग की अलग-अलग टीम की छह में से चार प्रतिष्ठानों में कार्रवाई शनिवार की देर रात समाप्त हो गयी। दो प्रतिष्ठानों में रेड रविवार को भी जारी रही। कागजात नहीं दिखाए जाने के कारण चार प्रतिष्ठानों से करीब एक करोड़ 90 लाख रुपये के सामान जब्त किए गए। सबसे अधिक टेकारी रोड के सतगुरु ट्रेडर्स में 1.15 करोड़ के पान मसाला व सिगरेट जब्त किए गए।

गया जी शहर के स्वराजपुरी रोड स्थित लक्ष्मी नारायण ट्रेडर्स व सिविल लाइंस थाने के सामने स्थित ग्लोबल मार्केटिंग में दूसरे दिन रविवार को भी कार्रवाई रही। राज्य कर आयुक्त सह सचिव संजय सिंह के निर्देश पर चल रही कार्रवाई में खरीद-बिक्री और टैक्स भुगतान की स्थिति की जांच जा रही है। कार्रवाई खत्म होने के बाद टैक्स चोरी की स्थिति का पता चला सकेगा।

**इमामगंज में 20 लाख 50 हजार के सामान बरामद:** राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) मोहन कुमार ने बताया कि केंद्रीय जीएसटी अन्वेषण ब्यूरो व मगध प्रमंडल के पदाधिकारियों की अलग-अलग टीम ने छह प्रतिष्ठानों में कार्रवाई में। शेरघाटी में खुशी जेनरल स्टोर का पता नहीं चल सका। बताया कि छह में से चार में कार्रवाई शनिवार की देर रात समाप्त हो गयी। गया जी शहर के दो प्रतिष्ठानों में रविवार को जारी है।

उन्होंने बताया कि गया के टेकारी रोड के सतगुरु ट्रेडर्स में 1.15 करोड़ के पान मसाला व सिगरेट जब्त किए गए। इमामगंज में पान-मसाला के प्रतिष्ठान राधेश्याम इंटरप्राइजेज में 20 लाख 50 हजार के सामान जब्त किए गए। औरंगाबाद के लक्ष्मी नारायण इंटरप्राइजेज में 44 लाख 12 हजार माल जब्त किए गए।

वहीं मोहनिया (भभुआ) के भुवनेश्वरी ट्रेडर्स में 29 लाख 25 हजार बिक्री छिपाने का मामला पकड़ा गया। इस पर जुर्माना व पेनाल्टी सहित अन्य कार्रवाई होगी। अपर आयुक्त (प्रशासन) मोहन कुमार ने बताया कि कोई कागजात नहीं दिखाने के कारण प्रतिष्ठानों में सामान जब्त किए गए हैं। अब सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

मालूम हो कि राज्य वाणिज्य कर विभाग की टीम ने शनिवार की दोपहर बाद गया से लेकर मोहनिया व भभुआ के प्रतिष्ठानों में एक साथ छापेमारी शुरू की थी। छापेमारी देर रात तक चली।

# नौवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, पांच लोग नामजद

**01** जून की घटना, पिता के आने पर छह को हुई प्राथमिकी

- परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज, जांच शुरू
- अचेत अवस्था में आहर के समीप मिली थी छात्रा
- पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया

**वजीरगंज, एक संवाददाता।** थाना क्षेत्र की एक पंचायत में एक नौवीं की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी में गांव के पांच युवकों को नामजद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि एक जून की शाम उनकी पुत्री शौच के लिए खेत की ओर गई थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद वह घर से करीब 500 मीटर दूर आहर के समीप अचेत अवस्था में मिली। इसके बाद उसका स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया।

परिजनों के अनुसार घटना की मौखिक जानकारी अगले दिन पुलिस को दी गई थी। पीड़िता के पिता, जो बेंगलुरु में मजदूरी करते हैं, घटना की सूचना मिलने पर चार जून को गांव पहुंचे और छह जून को थाने में आवेदन दिया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नामजद युवक परिवार को धमकी भी दे रहे हैं। रविवार को हम पार्टी के सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने वजीरगंज डीएसपी सुनील कुमार पांडेय और थानाध्यक्ष से बात कर निष्पक्ष जांच तथा पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की।

थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। प्राथमिकी दर्ज कर सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण में शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं तथा अंतिम निष्कर्ष मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## बथानी में फरार दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**नीमचक बथानी।** नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के धरमुचक गांव में पुलिस छापेमारी कर फरार वारंटी रामप्रवेश केवट और अनिल केवट को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नीमचक बथानी थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि रामप्रवेश केवट और अनिल केवट दोनों फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।




## आज के कार्यक्रम

- प्रशिक्षण: जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला। स्थान-हरिदास सेमिनरी ऑडिटोरियम। समय-सुबह 10 बजे से।
- बैठक: गया जी नगर निगम बोर्ड की बैठक में शहर की समस्याओं पर होगी चर्चा। स्थान-नगर निगम सभागार। समय- 11:30 बजे से

## काम की खबर

1

### बोधगया में आज चार घंटे नहीं रहेगी बिजली

गया। बोधगया में सोमवार को मेंटेनेंस कार्य के कारण 4 घंटे बिजली नहीं रहेगी। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बोधगया (शहरी) के कनीय विद्युत अभियंता ऋषभ रंजन ने बताया कि पीएचईडी फीडर में मेंटेनेंस कार्य होना है। जिसके कारण सुबह 7 से 11 बजे तक 80 फिट पीसीएस से बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

## आज का मौसम

37.0° अधिकतम | 26.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:00 | सूर्यास्त : 18:38

**अनुमान**

सुबह से तीखी धूप निकलेगी। तापमान से अधिक उमस वाली गर्मी रहेगी। दोपहर बाद मौसम बदल सकता है।

# घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़, सात पर प्राथमिकी

- मारपीट में महिला समेत तीन लोग घायल, अस्पताल में भर्ती
- जातिसूचक गाली और जेवर छीनने का लगाया आरोप

**अतरी, एक संवाददाता।** अतरी थाना क्षेत्र के चहल-मुरेड़ा गांव में घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और जातिसूचक गाली-गलौज करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गांव की मीना देवी के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शनिवार को वह अपनी जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण करा रही थीं। इसी दौरान संदीप यादव और बबन यादव समेत अन्य लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि आरोपितों ने सोने का जितिया छीन लिया तथा वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में मीना देवी, पुत्र विक्की कुमार और पुत्रवधू सुमित्रा देवी घायल हो गए। सभी का इलाज जेपीएन में चल रहा है। प्राथमिकी में संदीप यादव, सुनीता देवी, निक्की, संजीव, बबन यादव, किशोरी यादव और कांग्रेस यादव को नामजद किया गया है।

# शहर के 32 होटल और 20 अस्पतालों में जांच

**अग्नि सुरक्षा**

- होटल संचालकों के साथ फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने की बैठक
- होटल व अस्पताल संचालकों को मानक का पालन करने का निर्देश



फायर सेफ्टी के लिए रविवार को होटल संचालकों के साथ बैठक करते अग्निशमन पदाधिकारी अमन कुमार सिंह और सहायक पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह। • हिन्दुस्तान

**गया जी, कार्यालय संवाददाता।** जिले में अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर फायर ब्रिगेड विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। रविवार को विशेष जांच अभियान चलाकर जिले के 32 होटलों और 20 अस्पतालों की जांच की गई। जिला अग्निशमन पदाधिकारी अमन कुमार सिंह और सहायक अग्निशमन पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह के नेतृव में अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों, आपातकालीन निकास व्यवस्था, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और सुरक्षा मानकों के अनुपालन की पड़ताल की गई। अधिकारियों ने पाया कि कई संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है, जबकि कुछ होटल और अस्पतालों में गंभीर लापरवाही सामने आई। सहायक अग्निशमन पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शहर में फायर सेफ्टी को लेकर लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। होटल संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें सुधार के लिए 15 दिनों की मोहलत दी गई है।

उन्होंने ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के भीतर सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले होटल और अस्पतालों के खिलाफ सीलिंग समेत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शहर 30s

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। पुलिस के पहुंचने से पहले चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# आरोपित ने कुर्की जब्ती से पहले किया आत्मसमर्पण

**शेरघाटी।** एक आपराधिक मामले में कई वर्षों से फरार आरोपित ने रविवार को शेरघाटी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस उसके घर कुर्की जब्ती करने पहुंची थी।

पुलिस ने बताया कि शेरघाटी थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के उमेश पासवान एक आपराधिक कांड का आरोपित है। वह लंबे समय से फरार था। न्यायालय के आदेश पर उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। रविवार को शेरघाटी थाने की पुलिस टीम आरोपित घर कुर्की जब्ती करने गई थी। पुलिस के पहुंचते ही फरार आरोपित उमेश पासवान ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस कुर्की जब्ती की कार्रवाई छोड़ दी और उमेश को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# खाते से 77 हजार रुपये की अवैध निकासी

**शेरघाटी।** शेरघाटी इलाके में साइबर ठगी और बैंक खातों से अवैध निकासी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे आम लोग परेशान हैं। शेरघाटी के हटिया मोहल्ले का एक व्यक्ति के बैंक खाते से 77 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई।

पीड़ित रंजीत कुमार ने शेरघाटी थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। कहा है कि बैंक खातों से छह जून को 77 हजार रुपये गलत तरीके से निकाल लिये गए। पीड़ित का कहना है कि उसने इस तरह का कोई लेन-देन नहीं किया और न ही किसी को रुपये ट्रांसफर किये। पीड़ित ने अपने आवेदन के साथ मनी ट्रांसफर से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए हैं। इन दस्तावेजों में यह उल्लेख है कि रुपये कब, कितने बजे और किस खाते में ट्रांसफर किये गए।




# रेलवे ट्रैक पर शिक्षक का शव मिला, हत्या की आशंका जताई

- फैरुद्दीन पठान टोली उर्दू प्रावि में शिक्षक थे



फैरुद्दीन का फाइल फोटो।

**बेलागंज/मानपुर।** गया-पटना रेलखंड पर बेलागंज थाना क्षेत्र स्थित रीसौद रेलवे ट्रैक पर रविवार को सरकारी शिक्षक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। फैरुद्दीन (45) बुनियादगंज थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव का रहने वाले थे।

रविवार की अहले सुबह करीब पांच बजे रेलवे लाइनमैन ने चाकंद और बेला रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखा। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान हुई। फैरुद्दीन नगर निगम वार्ड-48 स्थित पठान टोली उर्दू प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। घटना की खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। पुलिस की शुरुआती जांच में ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन परिजनों ने शिक्षक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है, ताकि मामले को हादसा साबित किया जा सके। बेलागंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। रविवार देर रात फैरुद्दीन का शव गांव पहुंचते ही अलीपुर में मातम छा गया।




# करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में मातम

- खेत पटवन करने गया था सुभाष

**खिजरसराय, एक संवाददाता।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के रमनबीगहा गांव में रविवार सुबह बिजली करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक सुभाष यादव की मौत हो गई। वह शिक्षक मनोज कुमार के पुत्र थे।

जानकारी के अनुसार, सुभाष खेत की पटवन के लिए मोटर चालू करने गए थे। इसी दौरान करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें पहले एक निजी अस्पताल और फिर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय – गया
पट्टे पर परिसर के लिए बोलियां/प्रस्ताव आमंत्रित

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय गया के अन्तर्गत 13 शाखाओं के लिए परिसर की आवश्यकता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | प्रस्तावित शाखा का नाम | जिले का नाम | क्षेत्र | बैंक के मापदंडों के अनुसार आवश्यक क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) | आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार क्षेत्र का वर्गीकरण | पिन कोड | बयाना राशि का चेक/डीडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दाउदनगर | औरंगाबाद | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 824143 | 3000 |
| 2 | एपी कॉलोनी | गया | गया | 1000-1500 | शहरी | 823001 | 5000 |
| 3 | झाझा | जमुई | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 811308 | 3000 |
| 4 | सिकंदरा | जमुई | गया | 1000-1500 | शहरी | 811315 | 5000 |
| 5 | भभुआ | कैमूर | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 821101 | 3000 |
| 6 | सूर्यगढ़ा | लखीसराय | गया | 1000-1500 | शहरी | 811106 | 5000 |
| 7 | लखीसराय टाउन | लखीसराय | गया | 1200-1800 | शहरी | 811311 | 5000 |
| 8 | बड़हिया | लखीसराय | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 811302 | 3000 |
| 9 | रामपुर | मुंगेर | गया | 800-1000 | ग्रामीण | 813221 | 3000 |
| 10 | तारापुर | मुंगेर | गया | 1000-1500 | शहरी | 813221 | 5000 |
| 11 | हिलसा | नालंदा | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 801302 | 3000 |
| 12 | वारसलीगंज | नवादा | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 805130 | 3000 |
| 13 | बरबीघा | शेखपुरा | गया | 900-1300 | अर्ध शहरी | 811105 | 3000 |

पार्किंग सुविधा युक्त, मुख्य सड़क से सुलभ एवं तैयार स्थिति में (3 महीने के भीतर कब्जे के लिए तैयार) कारपेट एरिया वाली प्रॉपर्टी, ग्राहकों एवं शाखा कार्यालय के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान के साथ ग्राउंड फ्लोर पर स्थित प्रॉपर्टी को प्राथमिकता दी जाएगी। कृपया कोई ब्रोकर या बिचौलिए आवेदन न करें। सरकारी/अर्ध-सरकारी निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी।
फॉर्मेट हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, ए.पी. कॉलोनी, कावेरी स्वीट्स के पास, गया से प्राप्त किया जा सकता है या हमारी वेबसाइट http://www.centralbankofindia.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 28.06.2026 शाम 4:00 बजे** तक है। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – सामान्य प्रशासन विभाग – 9824778069**
**दिनांक: 06.06.2026** **क्षेत्रीय प्रमुख, गया**

